6वाँ अंतर्राष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन

drishtiias.com/hindi/printpdf/6th-international-conference-of-dharma-dhamma

चर्चा में क्यों?

7 नवंबर, 2021 को बिहार के नालंदा ज़िले के राजगीर में अवस्थित नालंदा विश्वविद्यालय में 6वें अंतर्राष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन का उद्घाटन भारत के उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू के द्वारा किया गया।

प्रमुख बिंदु

- 7 से 9 नवंबर, 2021 तक चलने वाले इस सम्मेलन का आयोजन नालंदा विश्वविद्यालय में नालंदा विश्वविद्यालय एवं इंडिया फाउंडेशन के द्वारा किया जा रहा है।
- इस सम्मेलन की थीम है- 'कोविड संक्रमण के बाद विश्वव्यवस्था के निर्माण में धर्म-धम्म परंपराएँ'।
- इस सम्मेलन का उद्देश्य उभरती हुई नई विश्वव्यवस्था के लिये एक दार्शनिक ढाँचे के निर्माण पर विचार करने हेतु धर्म-धम्म परंपराओं के धार्मिक, राजनीतिक और विचारशील नेताओं को एक साथ लाना है।
- उपराष्ट्रपति ने कहा कि 'शेयर एंड केयर' भारतीय दर्शन का मूल तत्त्व है तथा भारत विजेता बनने को नहीं, बल्कि ज्ञान बाँटने को लेकर विश्व गुरु बना था, जिसमें प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय की महत्त्वपूर्ण भूमिका थी।
- विदित हो कि प्रथम अंतर्राष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन का आयोजन 22-23 सितंबर, 2012 को साँची विश्वविद्यालय (मध्य प्रदेश) में किया गया था। वहीं 5वें सम्मेलन का आयोजन 27-28 जुलाई, 2019 को राजगीर स्थित नालंदा विश्वविद्यालय में किया गया था।
- विदित हो कि प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना गुप्त शासक कुमारगुप्त के द्वारा की गई थी, जिसका बख्तियार खिलज़ी नामक आक्रमणकारी द्वारा विध्वंस करा दिया गया था। वर्तमान में नालंदा ज़िले में इसका भग्नावशेष स्थित है।